BGYCT-137

सत्रीय कार्य पुस्तिका

विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.एस.सी.जी.)

स्तरक्रम विज्ञान और जीवाश्म विज्ञान

1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक वैध

सत्रांत परीक्षा के लिए फार्म भरने से पहले सत्रीय कार्य जमा करना अनिवार्य है।

विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110 068

(2022)

प्रिय विद्यार्थी,

कृपया सत्रीय कार्य से संबंधित अनुभाग स्नातक उपाधि कार्यक्रम की कार्यक्रम दर्शिका में पढ़े, जो हमने नामांकन के बाद आपको भेजा है । उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग है, उसे कृपया पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं सतत मूल्यांकन के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको इस पाठ्यक्रम का एक सत्रीय कार्य हल करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है और इसमें दो भाग हैं, **Part A** और **Part B**। दोनो भागों के कुल अंक 100 हैं, जिनमें से उर्त्तीण करने के लिए आपको 35 प्रतिशत अंक की आवश्यकता है।

सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश

इससे पहले कि आप किसी प्रश्न का उत्तर लिखें, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1. अपनी उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के आधार पर विवरण लिखें।

नामांकन संख्या : ....
नाम : ....
पता : ....
..
पाठ्यक्रम संख्या : ....
पाठ्यक्रम शीर्षक : ....
सत्रीय कार्य संख्या : ....
अध्ययन केंद्र : ....

दिनांक : ....

कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गये प्रारूप का सही अनुसरण करें।

2. अपना उत्तर लिखने के लिए फुलस्कैप काग़ज़ का इस्तेमाल करें, जो ज़्यादा पतला न हो।
3. प्रत्येक काग़ज़ पर बांयें, ऊपर और नीचे 4 से. मी. की जगह छोड़ें।
4. आपके उत्तर स्पष्ट, सटीक और अपने शब्दों में होने चाहिए।
5. इस सत्रीय कार्य के Part A और Part B को हल करें, और **Part A और Part B सहित संपूर्ण सत्रीय कार्य को वैध तिथि के भीतर अपने अध्ययन केंद्र में जमा कर दें।**
6. **सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका नियत तिथि के भीतर आपने अध्ययन केंद्र पर जमा करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
7. हमारा सुझाव है कि आप अपने सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
8. यह सत्रीय कार्य **1 जनवरी, 2022 से लेकर 31 दिसम्बर, 2022 तक वैध हैं**। यदि आप इस सत्रीय कार्य को **31 दिसम्बर 2022** तक जमा करने में विफल रहते हैं तब आपको वर्ष 2023 का सत्रीय कार्य करना होगा और कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार इसे जमा करना होगा।
9. यदि आप इस सत्रीय कार्य को जमा नहीं करेंगे तो आप इस पाठ्यक्रम का सत्रांत परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सकेंगे। किसी भी पूछताछ के लिए आप कृपया संपर्क करें : omkarverma@ignou.ac.in, kakoligogoi@ignou.ac.in।

हमारी शुभकामानाएं आपके साथ हैं।

सत्रीय कार्य
स्तरक्रम विज्ञान और जीवाश्म विज्ञान

पाठ्यक्रम कोड : BGYCT-137
सत्रीय कार्य कोड : BGYCT-137/TMA/2022

कुल अंक : 100

नोट : सभी प्रश्न हल करें। प्रत्येक प्रश्न के आगे उसके अंक दर्शाए गए हैं। सभी उत्तर अपने शब्दों में लिखें; पाठ्यक्रम सामग्री से कॉपी न करें।

Part A

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखें :

   a) अश्मस्तरक्रम विज्ञान/अश्मस्तरिकी (5)

   b) स्तरिक सहसंबंध (5)

2. स्तरक्रम विज्ञान के सिद्धांतों की विस्तार से चर्चा करें। (10)

3. भारत के स्तरक्रम विज्ञान के संदर्भ में भारत के भौतिक और संरचनात्मक विभाजनों का विस्तृत विवरण दीजिए। (10)

4. कडप्पा और विंध्यन महासंघों की स्तरिक वर्गीकरण, आश्मिकी और आर्थिक महत्व का वर्णन करें। (10)

5. स्पीती के ट्राइसिक और कच्छ के मीसोजोइक अनुक्रमों का स्तरक्रम का विस्तृत वर्णन दीजिए। (10)

Part B

6. भूविज्ञान में जीवाश्मों के प्रकार और महत्व का वर्णन कीजिए। (10)

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखें :

   a) कार्बनिक–भित्ति वाले सूक्ष्मजीवाश्म (5)

   b) घोड़े के विकास के चरण (5)

8. ट्राइलोबाइट की आकारिकी और भूवैज्ञानिक इतिहास की चर्चा करें। (10)

9. प्रवाल की आकारिकी और भूवैज्ञानिक इतिहास की चर्चा करें। प्रवाल घड़ी पर एक नोट लिखिए। (10)

10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखें :

    a) अमोनाइड के सीवन प्रतिरूप (5)

    b) द्विकपाटी की आकारिकी (5)